भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1360
सोमवार, 06 दिसम्बर, 2021/15 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**विदेशी वित्तपोषण से पर्यटन स्थलों का विकास**

**1360. श्री लल्लू सिंह:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करने के लिए देश भर में पर्यटन के विकास हेतु कार्यान्वित की जा रही योजनाओं या कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश भर में विदेशी वित्तपोषण की सहायता से अनेक पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान प्राप्त विदेशी वित्त पोषण का कार्यक्रम-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग) पर्यटन मंत्रालय देश में स्वदेश दर्शन और राष्ट्रीय तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक मिशन, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) की योजनाओं के तहत पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों / संघ शासित प्रदेशों के प्रशासन को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उपरोक्त योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों द्वारा परियोजना प्रस्तावों को प्रस्तुत करना एक सतत प्रक्रिया है। राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से परियोजनाओं की विकास के लिए पहचान की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने, योजना दिशानिर्देशों का अनुपालन करने और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग के अध्यधीन स्वीकृत की जाती हैं।

देश में कई पर्यटन स्थलों को भी विदेशी वित्तीय सहायता से विकसित किया गया है। आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) के अनुसार, पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए विदेशी सहायता से परियोजनाओं की सूची **अनुबंध-I और अनुबंध-II** में दी गई है।

*******

**अनुबंध-I**

विदेशी वित्तपोषण से पर्यटन स्थलों का विकास के सम्बन्ध में दिनांक 06.12.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 1360 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**एशियाई विकास बैंक की सहायता से पर्यटन परियोजनाओं का विवरण**

| **ऋण संख्या** | **ऋण का नाम** | **राज्य/ राज्यों के नाम** | **ऋण राशि (मिलियन डॉलर में)** | **ऋण स्वीकृति तिथि** | **ऋण समाप्ति तिथि** | **ऋण का उपयोग (मिलियन डॉलर में)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2676-आईएनडी | पर्यटन अवसंरचना विकास निवेश कार्यक्रम, परियोजना 1 | पंजाब और हिमाचल प्रदेश | कुल- 43.42 पंजाब- 20.32 हिमाचल प्रदेश-23.10 | 4 अक्तूबर, 2010 | 30 सितम्बर, 2018 | **कुल – 43.42** **पंजाब: 20.22** **हिमाचल प्रदेश: 23.20** (ऋण सितंबर 2018 में ही बंद कर दिया गया था। पिछले तीन वर्षों में कोई संवितरण नहीं) |
| 2833-आईएनडी | पर्यटन अवसंचना निवेश कार्यक्रम, परियोजना 2 | तमिलनाडु और उत्तराखंड | कुल – 43.84* तमिलनाडु – 20.56 उत्तराखंड – 23.28 | 15 दिसम्बर, 2011 | 30 जून, 2018 | **कुल - 30.85** **तमिलनाडु: 9.15** **उत्तराखंड: 21.70** (ऋण जून में बंद कर दिया गया था पिछले तीन वर्षों में कोई संवितरण नहीं है) |
| 3223-आईएनडी | पर्यटन अवसंचना निवेश कार्यक्रम, परियोजना 3 | पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड | कुल - 123.51** पंजाब - 41.66 हिमाचल प्रदेश - 43.51 उत्तराखंड - 38.34 | 11,दिसम्बर, 2014 | 27 सितम्बर, 2020 | **कुल - 91.74** **पंजाब: 32.54** वित्त वर्ष 2018-19: 3.17 वित्त वर्ष 2019-20: 5.97 वित्त वर्ष 2020-21: 18.4 **हिमाचल प्रदेश: 35.60** वित्त वर्ष 2018-19: 7.68 वित्त वर्ष 2019-20: 7.72 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | वित्त वर्ष 2020-21: 9.89<br>**उत्तराखंड: 23.60**<br>वित्त वर्ष 2018-19: 2.38<br>वित्त वर्ष 2019-20 : 4.23<br>वित्त वर्ष 2020-21: 12.55 |
| 3717-आईएनडी | पर्यटन अवसंचना निवेश कार्यक्रम, परियोजना 4 | तमिलनाडु | कुल - 31.00*** | 28 सितम्बर, 2018 | 27 सितम्बर, 2020 | **तमिलनाडु: 19.04**<br>वित्त वर्ष 2018-19: 0.00<br>वित्त वर्ष 2019-20: 2.16<br>वित्त वर्ष 2020-21: 16.88 |
| 2578-आईएनडी | दक्षिण एशिया पर्यटन अवसंरचना विकास परियोजना-भारत | सिक्किम | कुल – 20.00**** | 15 नवंबर, 2009 | 15 मार्च, 2018 | **सिक्किम: 10.40**<br>(ऋण मार्च 2018 में ही बंद कर दिया गया था। पिछले तीन वर्षों में कोई संवितरण नहीं) |

* उपयोग की गई शुद्ध ऋण राशि 30.85 मिलियन डॉलर है और शेष ऋण राशि 12.99 मिलियन डॉलर (तमिलनाडु में 11.41 मिलियन डॉलर और उत्तराखंड में 1.58 मिलियन डॉलर) को रद्द कर दिया गया था।

** उत्तराखंड घटक से 14.74 मिलियन डॉलर के आंशिक ऋण रद्द करने, हिमाचल घटक से 7.91 मिलियन डॉलर के आंशिक ऋण रद्द करने और पंजाब घटक से 9.12 मिलियन डॉलर के आंशिक ऋण रद्द करने के बाद शुद्ध ऋण राशि $91.74 मिलियन है।

*** उपयोग की गई शुद्ध ऋण राशि $19.04 मिलियन है और शेष ऋण राशि $11.96 मिलियन को रद्द कर दिया गया था।

**** उपयोग की गई शुद्ध ऋण राशि 10.40 मिलियन डॉलर है और शेष ऋण राशि 9.60 मिलियन डॉलर रद्द कर दी गई है।

*******

**अनुबंध- II**

विदेशी वित्तपोषण से पर्यटन स्थलों का विकास के सम्बन्ध में दिनांक 06.12.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 1360 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**विश्व बैंक और अन्य बहुपक्षीय संस्थानों की सहायता से पर्यटन परियोजनाओं का विवरण**

**विश्व बैंक**

**(राशि मिलियन अमरीकी डालर में)**

| परियोजना का नाम | कुल लागत | कुल ऋण | प्रभावकारिता की तिथि | अंतिम तिथि | परियोजना के तहत ऋण वितरण* | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2018-2019 | 2019-2020 | 2020-2021 | 2021-2022 |
| उत्तर प्रदेश गरीब समर्थक पर्यटन विकास परियोजना | 57.14 | 40 | 15मार्च, 2018 | 30 दिसम्बर, 2022 | 3.12 | 2.59 | 3.20 | 2.00 |

* विश्व बैंक की परियोजना वेबसाइट के अनुसार संवितरण के आंकड़े

**अन्य बहुपक्षीय संस्थाएं**

| क्र. सं. | परियोजना का शीर्षक | राज्य | क्षेत्र | प्रस्तावित ऋण आकार (मिलियन अमरीकी डॉलर) | प्रस्तुत करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेघालय में ग्रामीण युवाओं के सशक्तिकरण और प्राकृतिक संसाधनों और स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रायोगिक पारिस्थितिकी-पर्यटन विकास | मेघालय | पर्यटन | 79.05 | 20.12.2019 |
| 2. | टिहरी और उसके जलग्रहण का समग्र विकास | उत्तराखंड | पर्यटन और संस्कृति | 136.47 | 24.01.2020 |
| | | | **योग** | **215.52** | |

********